न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी

अनुमति वाद संख्या :– 533/18–19

(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा – 46)

चरकु संगा – विक्रेता

प्रिया मिंज – क्रेता

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	
07.08.19	**आदेश**	

आवेदक चरकु संगा पिता स्व0 सुकरा संगा ग्राम–कुलहुटू, थाना कर्रा, जिला खूँटी ने प्रिया मिंज पति श्री अनिल मिंज ग्राम–कुलहुटू, पोस्ट–लोधमा, थाना कर्रा, जिला खूँटी के साथ निम्नलिखित भूमि के विक्रय हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अन्तर्गत अनुमति हेतू आवेदन पत्र दिया है।

ग्राम	थाना नं0	खाता नं0	खेसरा सं0	रकवा (एकड़ में)
कुलहुटू	159	82	335	0.25

उभय पक्ष अपने विद्वान अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुए खतियान/आवासीय प्रमाणपत्र/जाति प्रमाणपत्र एवं लगान की रसीद सं0 0045180678 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। अंचल अधिकारी, कर्रा के पत्रांक 846 दिनांक 03.08.19 से जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रश्नगत भूमि खतियानी है। खतियानी रैयत का नाम लरका मुण्डा वगैरह हैं। पंजी II के अनुसार डेडवा मुण्डा वगैराह के नाम भूमि का रकवा 12.67 एकड़ है। आवेदक के पास कुल रकवा 3.16 एकड़ भूमि है। मालगुजारी का भुगतान वित्तीय वर्ष 2018–19 तक किया गया है। भूमि का न्यूनतम प्रस्तावित दर 9335.00(नौ हजार तीन सौ पैतीस)रू0 प्रति डीसमिल है। इस भूमि के विक्रय में आवेदक के हिस्सेदारों की कोई आपत्ति नहीं है। भूमि विक्रय के बाद आवेदक के पास भूमि अवशेष 2.91 एकड़ रह जाती है। इस प्रकार आवेदक भूमिहीन नहीं होते हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि क्रेता एवं विक्रेता एक ही थाना कर्रा के निवासी हैं एंव एक ही जाति (अनुसूचित जनजाति समुदाय) के सदस्य हैं। आवेदक अपने हिस्से की भूमि जो इनके दखल कब्जे की है। जिसे मकान बनाने हेतु विक्री करना चाहते हैं। प्रश्नगत भूमि गैर मजरूआ आम, खास, मन्दिर, मस्जिद, भूईहरी, पहनाई, कैसरेहिन्द, भूहदबन्दी एवं खुटकटी के दायरे में नहीं है। अंचल अधिकारी, कर्रा ने क्रेता–विक्रेता को भूमि क्रय–विक्रय करने हेतु अनुशंसा किये हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता को सुनने प्रस्तुत कागजात एवं अंचल अधिकारी, कर्रा से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन एवं किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण चरकु संगा पिता स्व0 सुकरा संगा को प्रिया मिंज पति श्री अनिल मिंज के साथ ग्राम कुलहुटू के खाता सं0 82 खेसरा संख्या 335 का रकबा 0.25 एकड़ भूमि न्यूनतम प्रस्तावित दर 9335.00(नौ हजार तीन सौ पैतीस)रूपये प्रति डिसमिल या जिला अवर निबंधक, खूँटी के द्वारा निर्धारित दर पर अंचल अधिकारी, कर्रा के अनुशंसा के आधार पर भूमि विक्रय की अनुमति दी जाती है। अभिलेख अभिलेखागार, खूँटी में जमा करें।

लेखापित एवं संशोधित

(हस्ताक्षर) 07/08/19

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।

(हस्ताक्षर) 07/08/19

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।